उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 15.02.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में सुनीं गयी आमजन की समस्याएं, त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश...

पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रतिदिन की भाति आज दिनांक- 15.02.2026 पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो और पुलिस-जन संवाद और अधिक सुदृढ़ हो।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड भी उपस्थित रहें। उन्होंने भी प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर जनविश्वास को और मजबूत करना है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 15.02.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत महोबा पुलिस सतर्क: शस्त्रागार निरीक्षण एवं व्यापक स्वच्छता अभियान सम्पन्न

- जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु आज को पुलिस अधीक्षक महोबा 02.2026., श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों पर व्यापक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गयी।
- इस क्रम में सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपनेअपने थानों के शस्त्रागार का निरीक्षण कर -) सफाई करायी गयी तथा चाल वाले पुर्जों-समस्त शस्त्रों की साफMoving Parts) की सूक्ष्मता से जांच सुनिश्चित की गयी, जिससे आपात स्थिति में शस्त्रों का प्रभावी एवं सुचारू उपयोग किया जा सके। साथ ही उपलब्ध कारतूस एवं अन्य आवश्यक सामग्री का भी भौतिक सत्यापन किया गया।
- इसके अतिरिक्त थाना कार्यालय एवं थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव-, परिसर की साफसफाई-, अनावश्यक सामग्री का निष्पादन एवं साफसुथरा कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया। अधिकारियों द्वारा - निर्देशित किया गया कि त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संसाधन पूर्ण रूप से तैयार अवस्था में रहें।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर सतर्कता बरती जाए, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे।
- महोबा पुलिस जनपदवासियों से अपील करती है कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 15.02.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना अजनर की पुलिस टीम ने चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के आभूषण व गली हुई धातु बरामद।

श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में एवं श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन तथा श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी तथा चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही में मु0अ0सं0 26/2026 धारा 305(ए)/331(3) बीएनएस तथा बढ़ोत्तरी धारा 331(4), 317(2), 317(5) बीएनएस से संबंधित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला मय हमराह का0 जयप्रकाश यादव, का0 नरेन्द्र कुमार व का0 अमर द्विवेदी द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम टिकरिया के पूर्व स्थित प्राइमरी स्कूल के पास से निम्न अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी का विवरण-

- अभियुक्त जयहिन्द राजपूत के कब्जे से 02 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की जंजीर बरामद।
- अभियुक्त अमित अहिरवार उर्फ कालू के कब्जे से 02 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की पायल एवं 04 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की बिछिया बरामद।
- अभियुक्त रीतेश राजपूत के कब्जे से गली हुई सफेद धातु की सिल्लीनुमा वस्तु बरामद, जो चोरी के आभूषणों को गलाकर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से तैयार की गयी प्रतीत होती है।

उक्त बरामदगी के आधार पर प्रकरण में धारा 331(4) बीएनएस (चोरी की संपत्ति का कब्जा/निस्तारण), धारा 317(2)/317(5) बीएनएस (साक्ष्य नष्ट करना/अपराध में सहभागिता) की बढ़ोत्तरी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला थाना अजनर जनपद महोबा
2. का0 जयप्रकाश यादव 3. का0 नरेन्द्र कुमार 4.का0 अमर द्विवेदी

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. जयहिन्द राजपूत पुत्र स्व0 रंगदेव राजपूत उर्फ रंगू, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।
2. अमित अहिरवार उर्फ कालू पुत्र वृन्दावन अहिरवार, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।
3. रीतेश राजपूत पुत्र स्व0 जयपाल राजपूत, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।